

केंद्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और त्रिपुरा की टिपरा मोथा पार्टी ने राज्य के मूल लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को एक त्रिपक्षीय समझौता किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 61 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## 'भारत के पास दिमागी और जन शक्ति की कमी नहीं, बल्कि...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है। इसे भी पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।

**क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं ?:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 'अगर आप दुनियाभर के चिकित्या विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो आपको महर्षि सुश्रुत की मूर्ति लगी हुई दिखाई देती है। पूरी दुनिया उनसे प्रेरणा लेती है। हमने अभी तक उनकी मूर्ति नहीं बनाई है, यह एक गलती है। लेकिन क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं है?'

**मैंने लोगो को बदल दियाः** उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के लोगो में एक ग्रीक देवता थे, मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन क्या हमें अपने भगवान और विरासत का सम्मान नहीं करना चाहिए। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि नई पीढ़ी हमारे पास मौजूद वैज्ञानिकों से प्रेरणा ले और इसलिए मैंने लोगो को बदल दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही, बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है, जिसे पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।

**बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएंः** मनसुख मंडाविया ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान मैंने कंपनियों को पीएम मोदी के संदेश से अवगत कराया है कि यह दुनिया के साथ सहयोग करने का समय है और बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएं। भारतीय कंपनियों ने 150 देशों को दवाओं की आपूर्ति की है, लेकिन कीमत नहीं बढ़ाई है। किसी भी देश ने कभी शिकायत नहीं की है, हमने दुनिया को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवा की आपूर्ति की है। जब वैक्सीन की कीमत 20-30 डॉलर थी, तब हमने इसे या तो वैक्सीन मैत्री पहल के तहत मुफ्त में या 2-3 डॉलर की न्यूनतम लागत पर आपूर्ति की। अब दुनिया को लगता है कि भारत एक ऐसा देश है जो मानव सेवा को प्राथमिकता देता है और जरूरत पड़ने पर दोस्त बनकर मजबूती से खड़ा रहता है।'

उन्होंने कहा, 'बिल गेट्स भारत में हैं और जब वह बोलते हैं तो यह पूरी दुनिया में एक धारणा बन जाती है। पिछले विश्व आर्थिक मंच पर मेरी उनसे मुलाकात हुई थी, जब हमने हाथ मिलाया था तो उन्होंने कहा था, बधाई हो, आपने अच्छा कोविड प्रबंधन और टीकाकरण अभियान चलाया है।' पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कहा, 'विदेशों में पहुंचने के बाद भी आयुर्वेद अपनी पहचान आयुर्वेद के रूप में स्थापित नहीं कर पाया है।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"
स्वामी विवेकानंद




# लोस चुनावः भाजपा की पहली लिस्ट जारी

## भाजपा की पहली लिस्ट- 195 नाम, इनमें 34 मंत्रीः काशी से मोदी, गांधी नगर से शाह; इकलौते मुस्लिम उम्मीदवार डॉ. सलाम को केरल से टिकट

**चुनावी समर**

8 भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश से 51, मध्य प्रदेश से 24, केरल से 20, राजस्थान से 15, गुजरात और छत्तीसगढ़ से 11, तेलंगाना से 9, दिल्ली से 5, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश से दो, गोवा-त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार से एक उम्मीदवार का एलान किया।

कहां से कौन लड़ेगा चुनाव

वाराणसी से पीएम मोदी, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया, विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, भोपाल से आलोक शर्मा, खजुराहो से वीडी शर्मा, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, अलवर से भूपेंद्र यादव, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, कोटा से ओम बिरला, अरुणाचल पश्चिम से किरन रिजिजू को मैदान में उतारा है। भाजपा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पोरबंदर से टिकट दिया। चांदनी चौक सीट से प्रवीण खंडेलवाल और उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को टिकट मिला। भाजपा ने बेलूरघाट से सुकांता मजूमदार और मालदा दक्षिण से श्रीरूपा मित्रा चौधुरी को बनाया उम्मीदवार।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते 29 फरवरी को हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 195 उम्मीदवारों में से 28 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

### राजस्थान से भाजपा ने मैदान में उतारे 15 उम्मीदवार



**लोकसभा** चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कुल 195 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में राजस्थान की 15 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। भाजपा ने चित्तौगढ़ से सीपी जोशी को टिकट दिया है, जबकि बीकानेर से अर्जुन राम मेघवार, अलवर से भूपेन्द्र यादव और भरतपुर से रामस्वरूप कोली समेत 15 उम्मीदवारों को टिकट दी है।

### 195 में से 50 से कम उम्र वाले 47 युवा उम्मीदवार



195 में से 50 से कम उम्र वाले 47 युवा उम्मीदवार, अनुसूचित जाति के 27, अनुसूचित जनजाति के 18, पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार शामिल हैं।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाजपा ने उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया था। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया था।

## गौतम के बाद अब जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** झारखंड के हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा का चुनाव लड़ने के इनकार किया है। सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर उन्हें चुनावी दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। इससे पहले दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा था कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। जयंत सिन्हा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से चुनावी दायित्वों से मुक्त करने अपील की है ताकि मैं भारत और दुनिया में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर फोकस कर सकूं। हालांकि मैं पार्टी के आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों पर काम करता रहूंगा। सिन्हा ने लिखा, मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे बीते 10 वर्षों तक हजारीबाग के लोगों की सेवा का मौका मिला। मुझे भाजपा नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने कई अवसर दिए।

# सियासी संकटः 'जल्द गिरेगी हिमाचल सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हिमाचल प्रदेश के बागी विधायक राजिंदर राणा ने राज्य की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सवा साल हो गए हैं। हमने कई बार हाईकमान को अवगत कराया कि प्रदेश में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीएम सुक्खू विधायकों को जलील और अपमानित करते हैं। यहां तक की विधायकों के काम नहीं करते हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की कोई सरकार नहीं थी। यह सिर्फ सुक्खू के मित्रों की सरकार है। कई बार बोलने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। राणा ने दावा किया है कि कांग्रेस के कई विधायक संपर्क में हैं। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार जल्द ही गिरने वाली है।



**साधा निशाना**

8 विधायक राजिंदर राणा ने सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला, कांग्रेस के कई विधायक संपर्क में'

राजिंदर राणा ने कहा कि हम सब ने राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश से प्रत्याशी बनाने की मांग की थी। अब नौ विधायकों ने हिमाचल प्रदेश के स्वभिमान की रक्षा की और हिमाचल प्रदेश के व्यक्ति को राज्यसभा भेजा है। सीएम के काले नाग बोलने पर राजिंदर राणा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पिछले सवा साल से प्रदेश की हालत क्या हो गई है? नौजवान परीक्षा देकर सड़कों पर बैठे हैं, उनके परिणाम जारी नहीं हो रहे हैं। प्रदेश की जनता को दी गई गारंटियां पूरी नहीं हो रही हैं। सिर्फ मित्रों के काम हो रहे हैं। विधायकों को जलील किया जा रहा है।




# 'टीएमसी, अत्याचार का दूसरा नामः पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी नादिया जिले के कृष्णानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में जुटी है और उसी विजन के तहत बंगाल में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही है। प्रधानमंत्री ने बंगाल की टीएमसी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि टीएमसी सरकार अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है।



**'बंगाल के विकास को गति मिलेगी':** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं... आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।

बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।'

## एनआईए ने पीएफआई से जुड़े अब्दुल सलीम को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। सलीम पीएफआई का तेलंगाना उत्तर का सचिव है। सलीम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। उस पर यह भी आरोप है कि वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था।

**हिंसा** सुवेंदु और सुकांत से मुलाकात की, लोगों के बीच अपने सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

# पश्चिम बंगाल का बेहतर भविष्य बनाएंगेः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साहस की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार के साथ हुए वार्ता का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, "सुवेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार से मुलाकात की। हमने लोगों के बीच अपने सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मैं टीएमसी कुशासन के खिलाफ उनके साहस, जुनून और उत्साही लड़ाई के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की सराहना करता हूं। हम सब मिलकर पश्चिम बंगाल का बेहतर भविष्य बनाएंगे।"



**पीएम मोदी के बंगाल दौरे पर भाजपा नेताओं ने दी प्रतिक्रियाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह कल यानी की शुक्रवार को बंगाल पहुंचे। पीएम मोदी के दौरे पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "जिस तरह से नादिया से सांसद (महुआ मोइत्रा) की लोकसभा सदस्यता छीन ली गई, उसी तरह से पीएम मोदी के आज के भाषण के साथ आगामी चुनाव में जनता एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें जिता देगी।

"पीएम मोदी ने बंगाल में चल रहे घटना को लेकर हर छोटी से छोटी बात पर चर्चा की।"

**संदेशखाली**

8 पीएम नरेंद्र ममोदी ने कहा, "सुवेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार से मुलाकात की

# भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई: एडीएम

**बैठक**

8 क्लेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अपर जिलाधिकारी चमोली विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें पीसीपीएनटी के अन्तर्गत संचालित कार्यो की गहन समीक्षा की गई और पीसीपीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।
अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। आशा के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराया जाए। अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराने वालों का अनिवार्य रूप से फार्म-एफ भरा जाए।
इस दौरान महादेव डायग्नोस्टिक सेंटर मैन बाजार कर्णप्रयाग के संचालक डॉ. शैलेन्द्र कुमार जायसवाल की ओर से अपनी अल्ट्रासाउंड मशीन को कंपनी को बाई बैक करने के लिए दिए गए आवेदन पर अधिनियम के अनुसार कार्रवाई करने और जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में स्थित ट्रामा सेंटर पर स्थित अल्ट्रासाउंड मशीन को जिला चिकित्सालय के पंजीकरण में शामिल करने पर समिति की ओर से सहमति दी गई। अरिहंत हास्पिटल के प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह राणा की ओर से डॉ. राहुल खर्कवाल को अपने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड संचालन के लिए पंजीकृत किए जाने के लिए प्रस्तुत आवेदन पर समिति ने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल का सर्टीफिकेट समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.राजीव शर्मा ने बताया कि आशा सर्वे-2023-24 के अनुसार जनपद में 0-6 वर्ष के बच्चों का लिंगानुपात 959 है। जबकि एनएफएचएस सर्वे के अनुसार जनपद का लिंगानुपात बढ़कर 1026 हो गया है। जिले में कुल 24 अल्ट्रासाउंड मशीन पंजीकृत है, जिसमें से 14 केन्द्र सीज है। जबकि चार सरकारी और पांच प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालित है। विगत अप्रैल से फरवरी तक जनपद में पांच गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति लिंग निर्धारण जैसी अवैध गतिविधियों के संबंध में गोपनीय सूचना दे सकता है।

# विधानसभा में 89,230 करोड़ रुपये का बजट रखने पर मंत्री प्रेमचंद का जताया आभार

**बधाई**

8 इस दौरान मिष्ठान खिलाकर व माला पहनाकर डॉ. अग्रवाल को बधाई दी गई।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और वित्तमंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल का विधानसभा में 89,230 करोड़ रुपये का स्वर्णिम बजट रखने के बाद पहली बार ऋषिकेश पहुंचने पर कार्यकताओं ने आभार जताया। इस दौरान मिष्ठान खिलाकर व माला पहनाकर डॉ. अग्रवाल को बधाई दी गई। डॉ. अग्रवाल को स्वर्णिम बजट के लिए मुख्यमंत्री सहित विभिन्न मंत्रियों व विधायक गणों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।
बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती ने कहा कि डॉ अग्रवाल द्वारा विधानसभा के भीतर सत्र के दौरान रखे गए बजट से उत्तराखंड की जनता का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा जनता के लिए रखा गया। जिसकी प्रसंशा राज्य का प्रत्येक वर्ग कर रखा है।
मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार ने कहा कि डॉ. अग्रवाल के रणनीति कौशल के चलते राज्य में समग्र, समेकित बजट रखा गया। कहा कि बजट से राज्य का विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ेगा। जिसका लाभ जनता को मिलेगा।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड का यह बजट जेंडर बजट है, जिससे विकास की गतिविधि बढ़ेगी। कहा कि सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया। जिसमें राज्य के हित धारकों के साथ संवाद तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रहे सुझावों का समावेश शामिल है।
उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता समग्र विकास को लेकर है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का विजन है कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड देश के अन्य राज्यों की तुलना में श्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में शामिल हो, इस दिशा में भी यह बजट कामगार साबित होगा।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शनिवार की अल सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।
कलियर थाना क्षेत्र में शनिवार की अल सुबह कांवड़ पटरी उत्तराटेक कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार आईआईटी के दो छात्रों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि बाइक सवार युवकों की पहचान शशि गौरव पुत्र शशि भूषण सिन्हा निवासी ग्राम धनामा थाना परवलपुर जिला नालंदा बिहार और कमलेश मीणा पुत्र बाबू लाल मीणा निवासी नीम का थाना राजस्थान के रूप हुई है। दोनों मृतक आईआईटी रुड़की के छात्र हैं। मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।

### बारिश के बीच वन विभाग ने जेसीबी लगाकर तोड़ा अतिक्रमण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
गौलापार स्थित बागजाला में वन विभाग की भूमि पर बने अतिक्रमण पर आज बड़ी कार्रवाई की गई है। वन विभाग, प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। इसमें आज आठ अवैध निमार्णाधीन मकानों को जेसीबी से तोड़ा गया है। यह सभी मकान वन विभाग की भूमि पर बने हुए थे, जिन्हें वही के रहने वाले कुछ भूमाफिया ने स्टैम्प पर बेच था।
वन विभाग ने पूर्व में इन सभी को नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद आज यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, एसपी क्राइम हरबंश सिंह, सीओ नितिन लोहनी, तहसीलदार सचिन कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस, प्रशासन और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।
इस दौरान एसडीएम हल्द्वानी पारितोष वर्मा ने बताया वन भूमि में अवैध मकान बने हुए थे जिसको खाली करने के लिए प्रशासन से सहयोग मांगा गया था। ऐसे में आज पुलिस वन विभाग के साथ-साथ संयुक्त रूप से या कार्रवाई की गई है। वन विभाग के एसडीओ ने कहा वन भूमि पर किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।
एसपी क्राइम हरबंस सिंह ने बताया कार्रवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात की गई है, फिलहाल प्रशासन वन भूमि को अवैध तरीके से बेचे जाने वाले भू माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारी भी कर रहा है उनको चिन्हित किया जा रहा है।

### महजबी कुरैशी ने बेलगाम नौकरशाही का आरोप लगाया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महजबी कुरैशी जो पीएमएफएमई में प्रबंधक उद्यम विकास उद्यान निदेशालय के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया है कि उन्हें मातृत्व अवकाश से वंचित किया गया है और बाद में उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी गई।
मजबी वेदिका ने इस आदेश को उत्तराखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां आवेदिका की याचिका पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए ऐतिहासिक फैसला दिया गया है कि आवेदिका को तुरंत बहाल करते हुए मातृत्व लाभ भी दिया जाए।
उन्होंने आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इस आदेश पर कोई उत्तर नहीं दिया गया। उन्होंने निदेशक हरमिंदर बवेजा पर आरोप लगाया है तथा कहा है कि इस संदर्भ में वह विभागीय मंत्री गणेश जोशी से भी मिली थी जिन्होंने उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया है लेकिन बेलगाम नौकरशाही इसे भी नहीं मान रही है। उनका कहना है कि अधिकारी न्यायालय तथा सरकार की नीतियों को पलीता दिखा रहे हैं।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।
29 फरवरी को मंगलौर निवासी पीड़िता ने जूस में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।
मंगलौर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को भगवानपुर चंदनपुर क्षेत्र धर दबोचा।
आरोपित का नाम शकील पुत्र शराफत भगवानपुर चंदनपुर कोतवाली मंगलौर बताया गया है। आरोपित के पास से पुलिस ने एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

# घर से गायब 22 वर्षीय युवती का 20 घंटों बाद भी सुराग नहीं

**तलाश**

8 तल्ला बगड़ क्षेत्र में एक युवती को किसी हिंसक वन्य जीव द्वारा उठाकर ले जाने की सूचना मिली थी।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल जनपद मुख्यालय से लगे दूरस्थ क्षेत्र तल्ला बगड़ क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक युवती को किसी हिंसक वन्य जीव द्वारा उठाकर ले जाने की सूचना मिली थी। तभी से वन विभाग की बड़ी टीम के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण युवती की तलाश कर रहे हैं, लेकिन शनिवार को घटना के करीब 17-18 घंटे के बाद भी युवती के बारे में कोई जानकारी-सुराग नहीं लगा है।
22 वर्षीय सुमन पुत्री गोधन सिंह मेहरा नाम की युवती पर शाम साढ़े पांच बजे के करीब घर के पास से किसी हिंसक वन्यजीव द्वारा उठाकर ले जाने की सूचना आई थी। मौके पर मौजूद नैनीताल के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि वन विभाग की करीब 40-45 कर्मचारियों की टीम के साथ ही 100 से अधिक क्षेत्रीय ग्रामीण बीती शाम से ही युवती की तलाश में जुटे हुए है, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। इसलिये अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।
उन्होंने बताया कि मौके से युवती के फटे कपड़े मिले हैं, लेकिन कपड़ों में खून नहीं मिला है। इसलिये असमंजस की स्थिति भी है। अब तक वन विभाग की टीम व ग्रामीण आसपास के करीब डेढ़ किमी के क्षेत्र को लगभग छान चुके हैं, लेकिन गुमशुदा युवती का कोई पता नहीं चल पाया है। बताया गया है कि युवती घर के पास बंधा कुत्ता खोलने गयी थी, और इस दौरान मोबाइल पर बात कर रही थी। तभी उसे हिंसक वन्य जीव ले गया। तब से उसका कोई पता नहीं चला है। मौके से उसके फटे कपड़े व चप्पल मिले हैं, परंतु मोबाइल भी नहीं मिला है।
उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नैनीताल जनपद के भीमताल विकासखंड में गौला नदी से लगे क्षेत्रों में बाघ के द्वारा 3 महिलाओं को मार दिया गया था। वन विभाग यहां से एक बाघिन के पकड़े जाने के बाद से राहत की सांस ले रहा था कि अब यहां एक युवती के गायब होने और वन्य जीव के नरभक्षी होने की पुष्टि होने पर विभाग में फिर से हड़कंप मचना तय है।

# आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्य सचिव को भेजी शिकायती, आरटीओ ने दिया जवाब

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आरटीआई एक्टिविस्ट विजयवर्धन डंडरियाल ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को एक शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने ओला उबर टैक्सी के संचालन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई वर्षों से ओला उबर टैक्सी का बिना लाइसेंस के देहरादून में संचालन हो रहा हैं।
उन्होंने कहा कि ओला उबर एवं ऑटो थ्री व्हीलर जो कंपनी के साथ समाहित है इन सभी का संचालन तत्काल रोका जाए और



आरटीओ सुनील शर्मा द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करने पर इन्हें इनके पद से हटाया जाए और जब तक सीबीआई की जांच पूरी ना हो जाए तब तक ओला उबर के लाइसेंस देने पर रोक लगाई जाए। इसी संदर्भ में आरटीओ ने कहा कि ओला उबर के बारे में ऑनलाइन लाइसेंस प्राप्त करने को कहा गया है,लेकिन जो ओला उबर बिना लाइसेंस के चल रहे है उन पर कार्यवाही होगी।
प्रवर्तन दल उन पर दृष्टि रखता है। उन्होंने आग्रह किया है कि जो ओला उबर इस श्रेणी में हो उन्हें त्वरित लाइसेंस ले लेना चाहिए।

# कार से हुई टक्कर, विक्रम चालक मरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लाल तप्पड़ नेचर विला के पास सड़क मार्ग पर रायवाला से डोईवाला की तरफ आते हुए विक्रम संख्या यूके 07 टीए 4632 को पीछे से ऑल्टो कार नंबर यूके 07 जेड 6846 द्वारा टक्कर मार दी गई।
विक्रम सड़क पर पलट गया और विक्रम चालक प्रवेश पुत्र नकली राम उमर 36 वर्ष निवासी धर्मुचक डोईवाला देहरादून गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक और विक्रम चालक को 108 के माध्यम से जॉली ग्रांट अस्पताल उपचार हेतु भिजवाया गया, जहां विक्रम चालक प्रवेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बर्फबारी-बारिश से उत्तराखंड को भिगोएगा बादल, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अगले तीन दिन उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोप चलते भारी बारिश और हिमपात की संभावना है। आकाशीय बिजली के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने तीन मार्च को येलो अलर्ट तो दो मार्च को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।
मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 40 से 50 किलोमीटर तेज गति से हवाओं के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। चमोली, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर, हरिद्वार और उधम सिंह नगर के लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि राज्य में दो मार्च यानी आज पूरे दिन खूब बारिश होगी। साथ ही पांच जिलों में भारी से भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
मौसम विभाग ने दो मार्च को उत्तराखंड के उत्तरकारी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में 25 सौ मीटर से तीन हजार मीटर ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके अलावा समूचे राज्य में जमकर बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है। साथ ही बिजली कड़कने और अंधड़ आने का भी पूवार्नुमान लगाया है। तीन मार्च को भी बारिश-बर्फबारी का पूवार्नुमान जारी किया है। तीन मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# राम प्रसाद अध्यक्ष और पुरुषोत्तम बने महासचिव

**वार्षिक चुनाव**

8 नवादा स्थित कार्यालय पर भारतीय नेपाली ब्राह्मण समिति के वार्षिक चुनाव में संपन्न हुई।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय नेपाली ब्राह्मण समिति के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से पंडित राम प्रसाद उपाध्याय को अध्यक्ष और पंडित पुरुषोत्तम गौतम को महासचिव निर्वाचित घोषित किया गया।नवादा स्थित कार्यालय पर भारतीय नेपाली ब्राह्मण समिति के वार्षिक चुनाव में संपन्न हुई। इनके अतिरिक्त ग्यारह सदस्यीय कार्यकारिणी में पंडित अर्जुन प्रसाद पोंडेल को कोषाध्यक्ष, पंडित थानेश्वर उपाध्याय को उपाध्यक्ष, गोविंद प्रसाद पंथी को सहसचिव, टंक प्रसाद पोखरेल, प्रचार सचिव, बलराम उपाध्याय सह प्रचार सचिव, गोविंद प्रसाद पोखरेल प्रवक्ता, वासुदेव पंथी संगठन सचिव, पदम प्रसाद पंथी आय व्यय निरीक्षक एवम पंडित जगदीश प्रसाद खनाल (शर्मा) को सांस्कृतिक सचिव घोषित किया गया।नगर की एक दर्जन घटक ब्राह्मण संगठनों के संयुक्त मंच ब्राह्मण समाज महासंघ ने भारतीय नेपाली ब्राह्मण समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संयुक्त रूप से ब्राह्मण हितों के लिए सहयोग करने की अपील की।

# बदलते मौसम में इम्युनिटी हो सकती है कमजोर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिनों मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। ठंड अभी पूरी तरह से गई नहीं है, लेकिन कभी गर्मी अपना तेवर दिखा रही है तो कभी बारिश और हवाएं मौसम को ठंडा कर दे रही हैं। इस बदलते मौसम का असर हम सबकी सेहत पर पड़ रहा है। इससे लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसमी बीमारियों को देखते हुए आपको कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। आइए जानते हैं कैसे रखें बदलते मौसम में खुद का ख्याल।




बदलते मौसम में बीमारियों का खतरा आमतौर पर ज्यादा बना रहता है। खासकर, जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है उन्हें बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। ऐसे में विशेषज्ञ ने सेहत का ख्याल रखने की सलाह दी है। आइए हिन्दुस्थान समाचार आपको बताएगा बदलते मौसम में परहेज और डाइट के बारे में और विशेषज्ञ की सलाह-
बीमारियों से बचने और सेहतमंद रहने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना जरूरी है। अगर इम्युनिटी मजबूत है तो कई बीमारियों और इंफेक्शन्स से बचाव होता है। जैसा कि आप जानते हैं कि मौसम बदल रहा है। ठंड खत्म होने लगी है और धीरे-धीरे गर्मी की शुरूआत भी होने लगेगी। ऐसे में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। इम्युनिटी मजबूत बनाने के लिए सही डाइट बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट की बताई कुछ खास चीजों को डाइट में शामिल कर मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं। इस बारे में दून मेडिकल कॉलेज की डाइटिशियन रिचा कुकरेती ने बताया कि बदलते मौसम में अपनी सेहत का ख्याल रखना बहुत आवश्यक है, ताकि बदलते मौसम के चलते बीमारियां आपको ना जकड़ ले।
इन फलों को डाइट में करें शामिल-
डाइटिशियन रिचा कुकरेती कहती हैं कि बदलते मौसम के बीच इम्युनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में जरूर शामिल करें।
फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो इम्युनिटी को बूस्ट करता है। विटामिन सी, ब्लड में व्हाइट ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन को बढ़ाता है। यही सेल्स इंफेक्शन्स से लड़ने में मदद करती है। संतरा, अंगूर, मौसमी, कीनू, चकोतरा और नींबू को डाइट में जरूर शामिल करें।

# विश्व किशोर मानसिक कल्याण दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
साबिर फरीदी विकास समिति ने सैंड्स होम जूनियर हाई स्कूल सुल्तानपुर में विश्व किशोर मानसिक कल्याण दिवस पर सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार में विश्व किशोर मानसिक कल्याण दिवस के बारे में सभी बच्चों, ग्रामवासियों को जागरूक किया।
अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने कहा कि इस दिवस का महत्व किशोरों के सामने आने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर प्रकाश डालना और उनके आसपास के वातावरण का मुकाबला करने में अत्यधिक महत्व रखता है। यह



दिवस किशोर में मानसिक विकारों की स्थापना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इस दौरान नशे से बचने के भी उपाय बताए गए।
इस मौके पर प्रधानाध्यापक सूरज सिंह, पारस गुलाटी, कंचन रावत, वंदना, शालू एडवोकेट, नितिन, परवेज अली, शोभित कुमार उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने 27 डिप्टी जेलरों और 285 बंदीरक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र

**नियुक्ति पत्र**

**8 मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।**



**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 27 डिप्टी जेलरों और 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग के चयनित 27 डिप्टी जेलरों और 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस प्रकार आज कुल 312 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।
मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए काफी खुशी का दिन है, क्योंकि कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आप पहले दिन से ही अपने लिए नियम निर्धारित कर लें कि आपको पद के अनुरूप जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन आप पूर्ण जिम्मेदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। उसी के अनुरूप हम सबको पग-पग पर, जिसको भी जो भी जिम्मेदारी मिली है। उसको पूर्ण मनोयोग से पूरा करना सुनिश्चित करते हुए अपनी-अपनी सहभागिता निभाते हुए देश और राज्य को आगे बढ़ाएंगे।इस अवसर पर सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर सचिव गृह अतर सिंह, महानिदेशक कारागार विमला गुंजयाल, उप महानिरीक्षक कारागार दधि राम, सहायक महानिरीक्षक कारागार यशवंत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थें।

## बीकेटीसी कार्मिकों को कर्मचारी सेवा नियमावली अनुपालन के निर्देश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**निर्देश**

**8 आगामी यात्रा काल में सभी कार्मिकों को पहचान पत्र सहित परिधान में होना आवश्यक होगा**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने मंदिर समिति कर्मचारियों को कर्मचारी आचरण सेवा नियमावली के अनुपालन के निर्देश दिये हैं। आचरण नियमावली के उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।
बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि आगामी यात्रा काल में सभी कार्मिकों को पहचान पत्र सहित परिधान में होना आवश्यक होगा कोई भी कार्मिक वीआईपी और वीवीआईपी का माल्यार्पण नहीं करेगा अंगवस्त्र नहीं पहनायेगा। न ही आगंतुक विशिष्ट अतिथियों के साथ फोटो खिंचवायेगा।
ऐसा करना कर्मचारी आचरण सेवा नियमावली का उल्लंघन माना जायेगा। दोषी पाये जाने पर ऐसे कार्मिकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। मंदिर समिति के निर्णय के बाद बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने इस बाबत आदेश जारी कर दिये हैं।

## प्रतिबंधित लकड़ी के साथ चार आरोपित गिरफ्तार

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
थाना नरेंद्र नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित काजल की लकड़ी के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से बरामद लकड़ी की कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम ने आरोपितों को वन विभाग के हवाले कर दिया है।
थानाध्यक्ष नरेंद्र नगर गोपाल दत्त भट्ट ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जाजल चौकी पर चलाये गये चेकिंग अभियान में पुलिस टीम ने एक पिकअप वाहन को पूछताछ के लिए रोका। टीम को वाहन से प्रतिबंधित काजल की लकड़ी के 101 गुट के बरामद हुए।

## ओबीसी समाज की अनदेखी, नहीं मिल रहा उचित लाभः विजय पाल

**ज्ञापन**

**8 ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने को ओबीसी महासभा एक ज्ञापन राज्यपाल को भेजा।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश की ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने को लेकर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ने पत्र के माध्यम से एक ज्ञापन राज्यपाल को भेजा। इसमें संविधान में प्रदत ओबीसी के 27 प्रतिशत सरकारी योजनाओं में आरक्षण को प्रदेश सरकार ने घटाकर 14 प्रतिशत किया को कि पूरी तरह गलत व भेदभावपूर्ण है।
अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष विजय सिंह पाल ने प्रेस क्लब हरिद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय संविधान द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर ओबीसी आबादी को 27 प्रतिशत सरकारी योजनाओं में आरक्षण निश्चित किया गया था, किन्तु राज्य के गठन के समय यह कहकर कि राज्य में इससे ज्यादा ओबीसी आबादी निवास नहीं करती है। इस आरक्षण को मात्र 14 फीसदी ही किया गया, जो कि पूर्णतया गलत व तर्कहीन है। जिस कारण आज तक ओबीसी समाज को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। साथ ही राज्य को आबंटित बजट में कोई भी योग्य राशि ओबीसी कल्याण में खर्च नहीं की गयी।
उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में मूल ओबीसी की भागीदारी में भारी कटौती कर ओबीसी व ईडब्लयूएस आरक्षण का लाभ सवर्ण समाज को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सवर्ण जातियों के व्यक्ति या तो ओबीसी का लाभ लें या ईडब्लयूएस का, उन्हें ये दोहरा लाभ देना मूल ओबीसी के हितों के खिलाफ एक षड्यंत्र है। जिसे तुरंत रोका जाना आवश्यक है।
मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर उन्होंने कहा कि मूल ओबीसी के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करते समय मूल निवास अथवा स्थाई निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि वह भारत का नागरिक है और केंद्रीय सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए सदैव योग्य है। इसके साथ ही स्थाई निवास प्रमाण पत्र हेतु अभ्यर्थी का 15 वर्षों का निवास ही आवश्यक माना जा रहा है, जबकि कोई भी विदेशी अगर भारत में 6 वर्ष का निरंतर निवास करता है तो उसे भारतीय नागरिक होने का अधिकार दिया जाता है, तो ऐसे में राज्य में मूल निवास के लिए 15 वर्षों की अवधारणा को पूर्णतया समाप्त करके स्थाई निवास को ही मान्य किया जाये।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्द्वानी हिंसा के दिन दिल्ली में था मलिक, भाजपा नेता से भी मिला

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक ने अब एक और दावा कर दिया है। हिंसा के दिन अब्दुल मलिक का कहना है कि वह दिल्ली में था।
हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक ने दावा किया है वह सात और आठ फरवरी को दिल्ली और हरियाणा में था। अपने अधिवक्ता अहरार बेग की ओर से पुलिस महानिदेशक भेजे पत्र में उसने कहा कि उसे झूठा फंसाया जा रहा है। इस बीच न तो वह नैनीताल गया और न ही किसी से बात हुई। हालांकि डीजीपी अभिनव कुमार ने ऐसे किसी भी पत्र के मिलने से इन्कार किया है।
अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के बाद एक पत्र वायरल हो रहा है। पत्र के अनुसार सात फरवरी को अब्दुल मलिक अपने ड्राइवर जहीर अहमद के साथ तीन घंटे तक नोएडा के सेक्टर 18 में स्थित एक फाइव स्टार होटल के रेस्टोरेंट में था। शाम पांच बजे पीलीभीत निवासी अपने अधिवक्ता सुधीर तिवारी को वहां बुलाया। फिर सेक्टर 31 में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विशाल बख्शी के घर पहुंचे थे। पत्र के अनुसार शाम 7:30 बजे अब्दुल मलिक ने सुधीर तिवारी के साथ सेक्टर-18 के एक रेस्टारेंट में खाना खाया। रात में अपने ड्राइवर के साथ दिल्ली में एक होटल में रुका।
पत्र के अनुसार आठ फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे सुधीर तिवारी अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण कार्ड देने के लिए सेक्टर 17 में नोएडा में भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद बलबीर पुंज के आवास पर गए थे। इस दौरान अब्दुल मलिक भी उनके साथ था। बलबीर पुंज ने उन्हें अयोध्या पर लिखी किताब भी दी थी। इसके बाद दोनों नई दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व सांसद तारिक अनवर के आवास पर गए और शाम करीब तीन बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह के घर भी कार्ड देने गए थे। पत्र के अनुसार मलिक ने नोएडा के फाइव स्टार होटल में रात का खाना खाया और सुधीर तिवारी को लेकर ग्रेटर नोएडा गया। वहां आधा घंटा रुकने के बाद वह फरीदाबाद में अपनी बेटी के आवास पर चला गया था।

### पुलिस ने चलाया भिक्षा नहीं, शिक्षा दो अभियान



**टनकपुर(चंपावत)**
चम्पावत पुलिस ने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ह्यऑपरेशन मुक्तिह्व अभियान शुरू कर दिया है। इस बार अभियान की थीम ह्यभिक्षा नहीं, शिक्षा दोह्व है।
एसपी अजय गणपति निर्देश पर सीओ टनकपुर शिवराज सिंह राणा के पर्यवेक्षण में एसआई सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में ह्यऑपरेशन मुक्तिह्व अभियान का शुभारंभ हुआ। पुलिस टीम ने टनकपुर क्षेत्र अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बॉस (बंगाली कॉलोनी) वार्ड नं. 03, टनकपुर में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, बालक, बालिकाओं को एकत्रित कर ह्यशिक्षाह्व के प्रति जन-जागरूकताह्व कार्यक्रम आयोजित किया।
इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को प्रचलित अभियान ह्लऑपरेशन मुक्तिह्व की थीम ह्लबच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दोह्व स्लोगन के आधार पर जागरूक कर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एएचटीयु टीम के साथ कोतवाली टनकपुर से एसएसआई बच्ची सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में तेंदुओं की कितनी आबादी, चौंकाने वाले आंकड़े आए सामने

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में तेंदुओं की संख्या कम हो गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की स्टेटस आफ लेपर्ड इन इंडिया-2022 रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं।
उत्तराखंड में तेंदुओं की संख्या कम हो गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की स्टेटस आफ लेपर्ड इन इंडिया-2022 रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं। वन विभाग तेंदुओं की संख्या कम होने के पीछे एक बड़ा कारण बाघों की संख्या बढ़ना मान रह है।
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन एनटीसीए ने बाघों के आकलन को लेकर वर्ष-2022 में अध्ययन कराया था। इसमें कैमरा ट्रैप समेत अन्य तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। यह अध्ययन बाघ संभावित इलाकों में किया गया था। वन विभाग के अनुसार इसी अध्ययन के समानांतर तेंदुओं का आकलन भी किया गया है। इस हिसाब से उत्तराखंड में तेंदुओं की संख्या 652 आंकी गई है, जबकि वर्ष-2018 में संख्या 839 थी। इस हिसाब से 187 तेंदुए कम हुए हैं।
इधर, वन विभाग ने पूरे प्रदेश का अध्ययन कराया है, इसके हिसाब से वर्ष-2018 में राज्य में 3115 तेंदुओं के होने अनुमान था, जो वर्ष-2022 में 2928 रह गई है। वहीं, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या बढ़ गई है।

**क्या कहते हैं वनाधिकारी**
प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव समीर



सिन्हा कहते हैं कि जहां पर बाघों की संख्या अधिक हुई है, वहां तेंदुओं की संख्या कम हुई है। अगर रिपोर्ट को देखते हैं तो पता चलता है कि राजाजी नेशनल पार्क में जहां तेंदुओं का बाघ से कंप्टीशन कम है,
वहां संख्या बढ़ गई है। इसके अलावा वन विभाग ने पूरे प्रदेश में तेंदुओं की संख्या को लेकर आकलन कराया था। स्टेटस आफ लेपर्ड इन इंडिया-2022 के अध्ययन में शामिल रहे मुख्य वन संरक्षक डॉ. पराग मधुकर धकाते कहते हैं कि बाघ अपनी सीमा में तेंदुए को नहीं रहने देते हैं।
यह फूड चेन का विषय भी है।

### राज्य में लगातार बढ़ रही बाघों की संख्या

राज्य में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2006 में बाघ 178 रिपोर्ट हुए थे, जो कि वर्ष-2022 में बढ़कर 560 तक पहुंच गए हैं। स्टेस आफ लेपर्डस इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के अनुसार रामनगर वन प्रभाग में लेपर्ड की संख्या कम हुई है, कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे रामनगर वन प्रभाग में बाघों की संख्या बढ़कर 67 हो चुके हैं।

## एडी कोऑपरेटिव को कार्य में लापरवाही के चलते किया गया निलंबित

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
जिला सहायक निबन्धक चम्पावत कार्यालय में सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 राजकिशोर को समय- समय पर बिना सूचना और बिनाअवकाश प्रार्थना पत्र दिये कार्यालय से अनुपस्थित रहने चलते निलंबित कर दिया गया है। इसी कारण रजिस्टार कोऑपरेटिव ने एडी कोऑपरेटिव पर कार्रवाई की है।
वह अधिकारियों की निदेशों की अवहेलना करने और बार-बार निर्देश देने के उपरान्त भी अपने कार्य व्यवहार में सुधार न लाने की स्थिति, अनधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित रहने व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे थे।

## मुख्य सचिव रतूड़ी अपने पद बनी रहेंगी

**स्वीकृति**

**8 मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्र से उनके कार्यकाल को 6 माह बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आने वाले 6 माह तक अपने पद पर बनी रहेगी। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्र सरकार से उनके कार्यकाल को 6 माह बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
राधा रतूड़ी ने अभी विगत 1 फरवरी को मुख्य सचिव का पदभार संभाला था मुख्य सचिव गुरमीत सिंह के सेवानिवृत्ति के बाद मुख्य सचिव का पद भार संभालने वाली राधा रतूड़ी राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव है, लेकिन उनका सेवा कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। उनके इस पद पर नियुक्ति के बाद से ही इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि उनकी सेवाकाल विस्तारित किया जा सकता है।वैसे भी मुख्य सचिव जैसे अहम पद पर सेवा के लिए दो माह की सेवा काल को सम्मानजनक नहीं समझा जा सकता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य अहम और बड़ा कारण यह भी है कि उनकी सेवा अवधि 31 मार्च को पूरी हो रही थी और उस समय देश में चुनाव आचार संहिता लागू होगी। उनकी सेवा निवृत्ति के बाद इस पद पर किसी अन्य की नियुक्ति की प्रक्रिया थोड़ा उलझाऊ होती यही कारण है कि उनको 6 माह का सेवा विस्तार दिया गया है।मुख्यमंत्री धामी ने पीएम को उनके सेवा विस्तार दिए जाने के लिए अनुरोध किया था जिसे पीएम ने मंजूरी दे दी है तथा इस आशय का आदेश गृह विभाग को मिल चुका है। वैसे भी मुख्य सचिव राधा रतूड़ी अपने कार्यकाल में अपने काम और ईमानदारी के लिए जानी जाती हैं

## सांसद माला राज्य लक्ष्मी ने दिखाई आस्था ट्रेन को हरी झंडी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने अयोध्या जाने वाली आस्था ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर जनसभा में उन्होंने कहा कि आज पुनः उत्तराखंडवासियों के लिए सौभाग्य की बात है की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के अथक प्रयासों एवम संकल्पों के परिणामस्वरूप आज हम सभी को यह दिन देखने को मिल रहा है, कि 500 वर्षों का संघर्ष सफल हुआ है।
भारत के आराध्य भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक उनके दर्शन करना चाहता है। इस शुभ अवसर पर देवभूमि वासियों



को आस्था ट्रेन की यह सौगात निश्चित ही प्रशंसनीय है। मैं प्रधानमंत्री मोदी जी एवम युवा मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने देवभूमि के श्रद्धालुओं की आस्था को नवप्राण प्रदान किये हैं। देवभूमि से अयोध्या धाम तक जाने वाली यह ट्रेन भगवान राम और देवभूमि के अन्तर्सम्बन्धों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। राम जन-जन के प्राणाधार हैं। उनकी कृपा से ही भारत नव उत्कर्ष को प्राप्त कर रहा है।
भगवान राम हमें आदर्शवाद की प्रेरणा देते हैं। जीवन में आदर्शवाद, संस्कार एवं सरोकारों का समन्वय स्थापित कर किस तरह से जिया जा सकता है , यह सब हमें प्रभु श्री राम का चरित्र बतलाता है। यही समय है और सही समय है, जब भगवान राम के जीवन चरित्र को हम अपने व्यक्तित्व में आत्मसात करें। और एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण करें ।
कार्यक्रम में टपकेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी, कृष्णा गिरी महाराज, महानगर जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, रविन्द्र कटारिया, उत्तराखंड प्रदेश से स्पेशल आस्था ट्रेन, के व्यवस्था प्रमुख , पूर्व महानगर अध्यक्ष सीता राम भट्ट एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अब महीने की एक तारीख को होमगार्डों के खाते में पहुंचेगा ड्यूटी भत्ता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आईजी केवल खुराना की ओर से सरकारी कार्मिक की तरह उनके खाते में वेतन महीने की पहली तारीख में पहुंचने वाली प्रक्रिया होमगार्डों के लिए शुरू की गई है। दरअसल, अब तक होमगार्ड का ड्यूटी चार्ट मस्टरोल बनाकर जिला मुख्यालय को भेजा जाता था।
सरकारी कार्मिक की तरह अब होमगार्डों के खाते में भी एक क्लिक पर महीने की एक तारीख को ड्यूटी भत्ता पहुंचेगा। होमगार्ड विभाग की ओर से मस्टरोल के बजाय ई-मेल के जरिए ट्रेजरी विभाग को ड्यूटी चार्ट भेजने की नई कवायद शुरू की गई है। पहले चरण में हरिद्वार से इसकी शुरूआत की गई है। अब सूबे के अन्य जिलों



में भी इसकी शुरूआत होगी। इस प्रक्रिया के शुरू होने से होमगार्डों को ड्यूटी भत्ते के लिए 10 से 15 तारीख का इंतजार नहीं करना होगा।
आईजी केवल खुराना की ओर से सूबे के होमगार्डों को लगातार नई सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसका लाभ भी होमगार्डों को भी मिल रहा है। अब आईजी केवल खुराना की ओर से सरकारी कार्मिक की तरह उनके खाते में वेतन महीने की पहली तारीख में पहुंचने वाली प्रक्रिया होमगार्डों के लिए शुरू की गई है। दरअसल, अब तक होमगार्ड का ड्यूटी चार्ट मस्टरोल बनाकर जिला मुख्यालय को भेजा जाता था।
इसके बाद जिला मुख्यालय की ओर ट्रेजरी विभाग को मस्टरोल भेजा जाता था। इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता था। ऐसे में होमगार्डों का ड्यूटी भत्ता उनके खाते में महीने की 10 से 15 तारीख में पहुंचता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब होमगार्डों के खाते में एक क्लिक में महीने की एक तारीख में ड्यूटी भत्ता पहुंचा जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से सभी होमगार्डों का ड्यूटी चार्ज जिला मुख्यालय को व्हाट्सएप और ई-मेल के जरिये भेजा जाएगा।

**हरिद्वार से प्रक्रिया की शुरूआत**
सभी जिला मुख्यालयों से यह ड्यूटी चार्ट ट्रेजरी विभाग को ई-मेल के जरिये भेजा जाएगा। इसके बाद ट्रेजरी विभाग एक क्लिक पर होमगार्डों के खाते में ड्यूटी भत्ता भेज देगा। पहले चरण में इस प्रक्रिया की शुरूआत हरिद्वार जिले से हुई है। फरवरी माह का वेतन सभी होमगार्डों के खाते में पहली मार्च को भेज दिया गया है जबकि अन्य जिलों में अगले माह से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
होमगार्ड विभाग की ओर से सूबे के सभी होमगार्डों के बैंक खाते इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) सरकारी पोर्टल से लिंक किए जा रहे हैं। सभी खाते लिंक होने के बाद ट्रेजरी विभाग खातों में हर माह की पहली तारीख को होमगार्डों का ड्यूटी भत्ता डालेगा।

## नगर आयुक्त ने आईएसबीटी और ट्रांजिट कैंप में पार्किंग व्यवस्था का किया निरीक्षण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर आयुक्त ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी ने आगामी चार धाम यात्रा की दृष्टिगत आईएसबीटी और ट्रांजिट कैंप में पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया।
शनिवार को नगर निगम की वेंडर पॉलिसी के तहत आवंटित की गई दुकानों और उनमें अतिक्रमण की स्थिति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ वेंडर्स ने अपनी दुकान आगे बढ़ाई हैं जो कि नियम विरुद्ध है। संबंधित वेंडर्स को तत्काल स्वयं अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के स्तर से भी



अनाउंसमेंट कराई जा रहा है ताकि शीघ्र ही किए गए अतिक्रमण को हटाया जा सके। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था एवं सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया मौके पर कुछ वेंडर्स द्वारा गंदगी किए जाने पर संबंधित सफाई निरीक्षक को चलने कार्रवाई करने की निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान दिनेश उनियाल अधिशासी अभियंता , तरुण लखेड़ा अवर अभियंता , भारती कर अधीक्षक सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।"" फिर रोगों का कारण बताते हैं, "इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।"

# कानून रसूखदारों के सिर्फ खिलौना है !



आशीष वशिष्ठ

> "कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं"

**इसमें** कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी सी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे, और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होने किये। बड़ी जदोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं। जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है?

कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशो आराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा।

देशवासी भूले नहीं होंगे जब एक रसूखदार दामाद ने मैंगो पीपल कहकर आम आदमी का जिस तरह मजाक उड़ाया था, बॉलीवुड के एक गायक ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को कुत्ते कहकर उसी अहंकार का परिचय दिया था। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हाव भाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है।

वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैर कानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।



## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## प्राकृतिक कीटनाशक क्या हैं?

**प्राचीन** फारस (आज का ईरान) में खाने योग्य पौधों पर हमला करने वाले कीड़ों को खत्म करने के लिए, गुलदाउदी के सूखे फूलों से तैयार प्राकृतिक कीटनाशक पाइरेथ्रम का उपयोग किया जाता था। आगे चलकर उसका उपयोग जुं मारने के लिए हुआ। लेकिन 20वीं सदी के आरंभ से फलों, अनाजों और सब्जियों को कीड़ों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर एकल खेती आर्सेनिक, सल्फर या तांबा-युक्त रसायनों पर निर्भर होने लगी थी.

**धरती और किसानों को भी मार रहे हैं कीटनाशकः** उन तमाम रासायनिक कीटनाशकों का जैव प्रणालियों और मानव स्वास्थ्य पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ा. इसीलिए कुछ देशों ने उन पर रोक लगा दी. यूरोपीय संघ भी लंबे समय से चेतावनी देता आ रहा है लेकिन ग्लाइफोसेट को गैरकानूनी बनाने में नाकाम ही रहा है. ये रासायनिक कीटनाशक जैवविविधता के लिए खतरा है और कैंसर के पनपने का कारण भी. लेकिन विकल्प क्या है?

**कीटनाशकों का प्राकृतिक उत्पादनः** पौधे से मिलने वाले पाइरेथ्रम जैसे उत्पादों से तैयार जैव कीटनाशक हो या नीम से निर्मित तेल(एसेन्शियल ऑयल) या रोगाणुओं के खिलाफ बचाव करने वाली फफूंद (फंगस) की किस्में, ये तमाम चीजें दुनिया भर में लोकप्रिय होती जा रही हैं। किसान रासायनिक कीटनाशकों से तौबा कर रहे हैं।

भारत में बहुतायत में पाए जाने वाले नीम के पेड़ में बड़ी संख्या में लीमोनॉयड पाए जाते हैं. ये अक्सर सीट्रस पौधों में मिलते हैं और अपनी कीटनाशक खूबियों के लिए विख्यात हैं. तेल के रूप में प्रयोग करने से कीड़े पास नहीं फटकते। उदाहरण के लिए कुदरती कीटनाशक, टिड्डियों को काबू करने और फसल को बर्बाद कर देने वाले टिड्डी दल को बनने से रोकने में असरदार होता है. रोजमेरी का तेल भी विविध अनाज और सब्जी प्रजातियों की वृद्धि रोकने और उन्हें खराब करने वाले एफिडों के खिलाफ आला दर्जे का प्रतिरोधक साबित हुआ है। तमिलनाडु में एक किसान ने रासायनिक कीटनाशकों से छुटकारा पा लिया जिनकी वजह से उनकी सेहत पर असर पड़ा था। अब वो गौमूत्र और घर पर उगाई लीकों (प्याज के प्रकार की एक वनस्पति) से तैयार दवा का छिड़काव करते हैं. उनकी जैविक फसलें लहलहा रही हैं. प्राकृतिक कीटनाशक कैसे काम करते हैं।

दिसंबर में प्रकाशित एक अध्ययन में ऑस्ट्रेलियाई शोधकताओं ने दिखाया कि कैसे नीले-हरे एफिड, रासायनिक कीटनाशकों के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर चुके हैं. ये रुझान पूरी दुनिया में देखा गया. इस प्रतिरोध को तोड़ने के लिए शोधकताओं ने गैर-रासायनिक कीट नियंत्रण विकल्पों की सिफारिश की. जिनमें सोनपंखी यानी एक किस्म के गुबरैले और पैरासिटॉइड ततैये जैसे "स्वाभाविक शत्रुओं" को प्रोत्साहन भी शामिल था. अध्ययन के मुताबिक मच्छर जनित बीमारी की सफल रोकथाम के लिए बैक्टीरिया के नये रूपों का इस्तेमाल, दूसरा विकल्प है. कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भर रहने की अपेक्षा क्षेत्र-विशेष समाधान लागू किए जाने चाहिए।

## विचार

# बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से

**आर.के. सिन्हा**

मौजूदा भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी झआकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी है। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं क मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।

खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलतें है। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्चर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गए थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे। बिहार सरकार को भी राज्य में खेलों के विकास के लिए इनवेस्ट करना होगा। सारे बिहार के समाज को सोचना होगा कि वे खेलों के संसार में किसी मुकाम पर क्यों नहीं पहुंच सके?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**

**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है।

## जान बचाने वाले को बुलडोजर का इनाम

**गरीबों** पर अन्याय का चाबुक और न्याय के नाम पर बुलडोजर भाजपा के शासनकाल की खासियत बन चुकी है। इसकी ताजा मिसाल दिल्ली से सामने आई है, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ गरीबों के घरों को बुलडोजर से रौंद दिया है। इन घरों में एक घर वकील हसन का भी है, जो चार महीने पहले सिलक्यारा सुरंग में मजदूरों को बचाने के कारण स्टार बन चुके थे, लेकिन फिलहाल वे सड़कों पर फाकाकशी को मजबूर कर दिए गए हैं। याद दिला दें कि 12 नवंबर को उत्तराखंड के सिलक्यारा में बन रही सुरंग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को निकालने के लिए विदेशों से मशीन मंगाने से लेकर सुरंग के मुंह पर मंदिर बनाने तक सारे जतन किए गए थे, लेकिन आखिरकार मजदूरों को बचाने का काम रैट माइनर्स ने किया था। चूहों की तरह जमीन खोदने की तकनीक पर रैट माइनर्स ने 21 घंटों तक बिना रुके 10-12 मीटर गहराई तक जमीन को हाथों से खोदा, मलबे को निकाला और तब जाकर 17 दिनों बाद 41 मजदूरों की जान बच सकी। अगर रैट माइनर्स अपनी जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम नहीं करते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। देश पर औद्योगिक हादसे का एक और कलंक लग सकता था। लेकिन रैट माइनर्स ने इन सबसे भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बचा लिया। इन रैट माइनर्स को 41 मजदूरों की जान बचाने के एवज में 50-50 हजार रुपए दिए गए, मजदूरों के बाहर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनसे बात की, रैट माइनर्स को कुछ दिनों तक मीडिया के जरिए नायक बनाया गया, कुछ नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें उतरवाईं ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके और महीने भर के भीतर न किसी को सिलक्यारा परियोजना में हुई गलतियों की याद रही न उस गलती में जिंदगियों को बचाने वालों की। शायद इसलिए नियमों और कानूनों का हवाला देते हुए गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले डीडीए ने वकील हसन के घर पर बुलडोजर चलाने में झिझक नहीं दिखाई। डीडीए का अतिक्रमण विरोधी ताजा अभियान खजूरीखास इलाके में चला है।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 9 करोड़ के पार पहुंची



**गुरुग्राम ।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी, 2024 को 9 करोड़ (90 मिलियन) के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन) है (इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं; ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं)। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि पांच महीने के सबसे कम समय में नवीनतम 1 करोड़ नए निवेशक एक्सचेंज में शामिल हुए हैं। इक्विटी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), आरईआईटी, इनविट, सरकारी बॉण्ड, कॉरपोरेट बॉण्ड आदि जैसे विभिन्न एक्सचेंज ट्रेडेड वित्तीय उपकरणों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में केवाईसी प्रक्रिया को भी सरल किया गया है और इस तरह के उपायों से भी निवेशकों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सभी हितधारकों द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई और लंबी अवधि में सकारात्मक बाजार धारणा कायम रही। हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है। 6 से 7 करोड़ (60 से 70 मिलियन) निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, अगले करोड़ (10 मिलियन) निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड़ (80 से 90 मिलियन) तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इस अवधि के दौरान, दैनिक नए पंजीकरण अक्टूबर 2023 औसत 47,000 से लेकर इस वर्ष जनवरी में 78,000 के बीच रहे हैं। डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, बढ़ती निवेशक जागरूकता, वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में 3 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024 की शुरूआत से 29 फरवरी, 2024 तक, निफ्टी 50 ने 27 प्रतिशत रिटर्न के साथ वापसी की, जबकि निफ्टी 500 ने इसी अवधि में 38 प्रतिशत रिटर्न दिया। फरवरी 2024 को समाप्त होने वाली पिछली पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 के लिए वार्षिक रिटर्न क्रमशः 15.3 फीसदी और 17.5 फीसदी रहा।

### ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के लिए तैयार कर लीजिए अपना स्टाईल

**रोहतक:** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी रहा है। यह ऐसे अनुभव लेकर आता है, जिन्होंने पूरी पीढ़ी के स्टाईल को आकार दिया है। अब यह ब्रांड ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है।फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरूआत पुणे से हुई है, और समापन मार्च, 2024 में भुवनेश्वर में हो रहा है। इस ब्रांड ने कुछ सबसे लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है, जो अभी तक चुनिंदा मेट्रो तक ही सीमित हैं।

# सरकार जेल में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द करे रिहा : रतन मान

## रतन मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बेकसूर किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमें वापस लिए जाए

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय** किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बेकसूर किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमें वापस लिए जाएं और जेलों में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द रिहा किया जाए, नहीं तो किसानों के जत्थे जेल जाने के लिए तैयार है।



उन्होंने कहा कि गत दिवस जींद स्थित किसान भवन में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत में यह निर्णय लिया जा चुका है, जिसको लेकर करनाल के अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई। उन्होंने कहा कि आने वाली 11 मार्च को सीएम सिटी में सैकड़ों किसानों का जत्था गिरफ्तारी देगा।

उन्होंने जेल भरो आंदोलन का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि 11 मार्च को करनाल के 12 सेक्टर स्थित जाट भवन में किसान एकत्रित होकर गिरफ्तारी देने के लिए जिला सचिवालय की ओर कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि जेल भरो आंदोलन एक दिवसीय होगा। आगे की रणनीति दिल्ली कूच के बाद तय की जाएगी। इस गिरफ्तारी जत्थे में प्रदेशभर से भाकियू कार्यकर्ता शामिल होंगे।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। किसान पंचायत को प्रमुख तौर पर प्रदेशाध्यक्ष रतन मान, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह लाडी, चेयरमैन यशपाल राणा, जिला संरक्षक बाबू राम डाबरथला, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। बैठक में गिरफ्तार किए गए किसान नेता सोनीपत जिला के गांव कथूरा के युवा किसान नेता अक्षय नरवाल सहित अन्य किसानों को रिहा करने की जोरदार मांग की गई। किसान नेताओं ने सामूहिक निर्णय लेते हुए कहा कि यदि गिरफ्तार किसानों को रिहा नहीं किया गया तो 11 मार्च को करनाल में भाकियू नेता अपनी गिरफ्तारी देकर जेल भरने का काम करेंगे।

## कोर्ट से निकलते ही युवक पर हमला

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-12 स्थित कोर्ट से तारीख लगाकर लौट रहे एक युवक पर नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर व छाती में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जिसके बाद युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पीड़ित ने अपनी पत्नी व सास पर ही हमला करवाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के समस्तीपुर निवासी सुजित तरावड़ी में काम करता है। उसका पत्नी से घरेलू विवाद चला रहा है और पत्नी ने दहेज प्रताड?ना का केस किया हुआ है। कल कोर्ट में तारीख पर आया था। सुजित ने बताया कि कोर्ट में ही मेरी पत्नी भारती और सास चंदा रानी ने मुझे धमकी दी थी और बोला था कि तू यहां से बाहर निकल आज तेरा खेल खत्म कर दूंगी।

सुजित ने बताया कि वह ऑटो में बैठकर अपने घर आ रहा था। निर्मल कुटिया चौक पर 4 युवक दो बाइकों पर आए, जिनके हाथों में लाठी-डंडे थे और उन्होंने अपना चेहरा रूमाल से ढका हुआ था। इन लोगों ने ऑटो को रुकवा लिया और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने पंच से भी हमला किया, जिससे मुझे 4 जगह चोटें आई हैं और छाती व हाथ-पांव में भी चोटें लगी हुई हैं। पीड़ित ने बताया कि हमले के दौरान उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। वह दौड़कर सेक्टर 32-33 पुलिस थाने पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद उसने अपने वकील को कॉल किया और वकील थाने में पहुंचा, जिसके बाद वकील ने उसको करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया और मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी।

## एसडीएम असंध ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण, प्रबंधों का लिया जायजा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एसडीएम असंध विरेंद्र सिंह ढुल ने शनिवार को असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के करीब दो दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों में कमरे, खिडकी, दरवाजे, बिजली व पानी का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प भी बनाएं, ताकि मतदाताओं को मतदान के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।



एसीडीएम ने निरीक्षण के दौरान असंध क्षेत्र के गांव जयसिंहपुरा, जभाला, ठरी, जलमाना, शेखपुरा, मंचुरी, पक्का खेड़ा, बांसा, कतलाहेड़ी, अलीपुर, औगंद, बुढनपुर विरान, बालु, बहलोतपुर, बजीदा रोडान, मंजुरा, हथलाना, सिरसी, शाहपुर, चिड़ाव, तथा दादुपुर में पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसीडीएम असंध के साथ कानूनगो रघुबीर भी मौजूद रहे।

## नैशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित होंगी देश की महान हस्तियां

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के छठे स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन रुतबा रिसोर्ट में किया जा रहा है, जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन एंव फेडरेशन के छठे स्थापना दिवस पर भ्रष्टाचार उन्मूलन एंव मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही देश की महान हस्तियों को नैशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लन एंव फिल्म व टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे।

## भोले बाबा के जयघोष के साथ निकाली प्रभातफेरी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कर्णनगरी** में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री शिव प्रभातफेरी के नेतृत्व में प्रभातफेरियां जारी हैं। शनिवार को निकाली गई प्रभातफेरी का शहर में विभिन्न स्थलों पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। भजन गायकों ने जब भोले बाबा के भजन गाए तो श्रद्धालु झूम उठे। सुबह चार बजे भोले बाबा के गगनभेदी जयघोषों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई।



शनिवार को प्रभात फेरी का आरंभ सेक्टर-14 में शिव भक्त गोपाल अरोड़ा के निवास से हुआ और डीसी कालोनी में राजेश अनुजा के निवास पर विश्राम लिया। गणेश पूजा व शिव आराधना करने के साथ साथ गुणगान किया। इसके बाद भोले बाबा का गुणगान करते हुए शहर की विभिन्न गलियों व बाजारों से गुजरते हुए प्रभातफेरी में शामिल भोले बाबा के श्रद्धालु जमकर झूमे।

मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि तडके प्रभात फेरी में श्रद्धालु बढ़-चढकर भाग लेते हैं और भोले बाबा का गुणगान करते हैं।

बाबा भोलेनाथ भी अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाए रखते हैं। इस अवसर पर शोभा, विभा, रमेश, शिल्पा, रामलाल, गोपाल, साजन, राधे कृष्ण, विकास, अजय, राजन ढींगडा, आशा, सुनीता कथूरिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताएंगे: योगेंद्र

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा** 2024 चुनावों के निमित मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी द्वारा वर्चुअल माध्यम से वीसी के द्वारा प्रदेश के सभी 90 विधानसभा के कार्यालय को खोला। इसी कड़ी में आज सैक्टर 14 स्थित श्री कृष्णा मंदिर मे करनाल विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कॉरर्डिनेटर जगमोहन आनंद जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डा.अशोक कुमार सहित करनाल विधानसभा चारों मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे।



भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा स्तर मे मुख्यमंत्री द्वारा लाइव उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा संगठन अपनी पूरी तैयारियों में जुट गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारी विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनावों को लेकर अपने अपने क्षेत्र मे कार्यकताओं से बैठक करने लग गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हम अपने प्रत्याशी को पहले से भी अधिक मतों से जिताने का काम करेंगे, भाजपा राज मे रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। सबका साथ सबका विकास करते हुए आम गरीब व्यक्ति मजदूर किसान सभी का ख्याल रखते हुए योजनाएं लागू की गई हैं। आज देश और दुनिया में भारत देश का डंका बज रहा है।

**दावा**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय को खोला गया**

उन्होंने बताया कि आज करनाल लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं करनाल, असंध, नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा, पानीपत, समालखा, पानीपत ग्रामीण, इसराना का भी उद्घाटन किया गया है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, बिशन सिंह शेखावत, अमर ठक्कर, साहिल मदान, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप शर्मा, अमरनाथ सौदा, कृष्ण गर्ग, बब्बू मंजूरा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में सुभाष चंद्र को मिली अहम जिम्मेदारी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र को पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें करनाल लोकसभा क्षेत्र का विशेष संपर्क प्रमुख बनाया है। वह लोकसभा चुनाव में विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थानों से संपर्क कर उन्हें पार्टी के साथ जोड? का काम करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने उनके साथ तीन अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सह प्रमुख की जिम्मेदारी है, जिनमें पानीपत से भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, पूर्व चेयरमैन रघुनाथ तंवर और घरौंडा से सुशील गर्ग के नाम शामिल है। लोकसभा क्षेत्र का विशेष संपर्क प्रमुख बनाए जाने पर सुभाष चंद्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देब ,लोकसभा प्रभारी घनश्याम दास अरोड़ा, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी वेदपाल व पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। सुभाष चन्द्र ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और करनाल लोकसभा में मौजूद सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा की विचारधारा के साथ जोड? का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश में उद्योग व व्यापारियों के हित में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनसे उद्योग और व्यापार तेजी से उन्नति कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज से पहले जहां देश में सामान इंपोर्ट किया जाता था। आज हमारे व्यापारी भाई मेक इन इंडिया को आगे बढाते हुए विदेशों को सामान निर्यात कर रहे हैं और विदेशी मुद्रा भारत में ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उनकी सरकार ने उद्योगों और व्यापार के लिए पारदर्शी व सरल व्यवस्था कायम की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता

## हीरे की अंगूठी-नकदी साथ ले गई, पिता-पुत्र पर अपहरण करने का शक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा** इंद्री स्थित एक कॉलेज छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। छात्रा के पिता ने इंद्री के ही एक युवक और उसके पिता पर बेटी के अपहरण और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं। छात्रा अपने घर से हीरे की अंगूठीए कुछ नकदी व स्कूटी भी लेकर गई है। पिता ने शिकायत पुलिस अधीक्षक को की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के पिता ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी इंद्री के एक कॉलेज में पढ़ती है। 12 फरवरी को उसकी बेटी घर से स्कूटी लेकर निकली थी, लेकिन जब वह देर शाम तक भी वापस नहीं लौटी तो चिंता हुई। उसके फोन पर कॉल किया गया, लेकिन फोन बंद मिला, जिससे उसकी चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। आसपास के एरिया और रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। घर की अलमारी चेक की गई तो उसके अंदर से हीरे की अंगूठी व कुछ नकदी भी गायब मिली।शिकायतकर्ता ने इंद्री के एक युवक व उसके पिता पर बेटी को बहला-फूसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपी एक बेरोजगार युवक है और उसका पिता एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने उसकी बेटी को कहीं पर छिपा दिया है। वह आरोपी युवक के पिता के घर भी गया था, लेकिन वहां पर युवक नहीं मिला। इन दोनों पिता-पुत्र ने ही बेटी को अपहरण कर बंधक बनाकर रखा है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि कॉलेज के दौरान बीते एक वर्ष में करीब 4 लाख रुपए वह अपनी बेटी को भेज चुका है, ताकि उसे अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करने में कोई दिक्कत न हो, लेकिन आशंका है कि आरोपी युवक ने उसकी बेटी को ब्लैकमेल करके इन पैसों का इस्तेमाल किया है।

# शरारती तत्वों ने झाड़ूओं में लगाई आग

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चौधरी** देवीलाल चौक पर झाड़ू बनाने का काम करने वाले गरीब लोगों के अरमान आग में जलकर खाक हो गए। राजस्थान के भीलवाड़ा से आए तीन परिवारों के करीब ढाई से तीन लाख रुपए के झाड़ूओं को किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी। परिवारों के लोग गांव के मुखिया से पांच टका ब्याज पर ढ़ाई लाख का कर्ज लेकर झाड़ू बनाने का माल लेकर आए थे। आगजनी की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



पीड़ित रामू ने बताया कि वे राजस्थान के भीलवाड़ा से है और झाड़ू बनाने का काम करते हैं। करीब तीन हफ्ते पहले ही वे करनाल में देवीलाल चौक पर आए थे। पांच टका के हिसाब से ढाई लाख रुपए का कर्ज लेकर झाड़ू के काम में लगाया था। एक लाख रुपए का माल लेकर आए थे और राजस्थान से ट्रांसपोर्ट का खर्च व अन्य खर्चे जोड़े जाएं तो करीब ढाई लाख रुपए बनता है। उन्होंने अपना माल सडक किनारे फुटपाथ पर ही डाला हुआ था और प्रतिदिन अपने परिवार के साथ खजूर की टहनियों से झाड़ू बनाने का काम करते हैं। एक झाड़ू करीब 10 रुपए में बेची जाती है। सोचा था कि झाड़ू बनाकर जो आमदनी होगी, उससे मुखिया का कर्ज भी उतर जाएगा और कुछ घर का खर्चा भी चल जाएगा, लेकिन उनके सभी अरमानों पर पानी फिर गया। किसी ने शरारत की है और माल में आग लगाई है।

रामू ने बताया कि हम तीन परिवार राजस्थान से करनाल आए थे और यहां पर झाड़ू बनाकर परिवार का पेट पालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन होनी को कुछ ओर ही मंजूर था। आगजनी हुई और माल जल गया। तीनों परिवार में करीब 15 लोग शामिल हैं, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। अब उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता है कि वह कैसे अपने बच्चों को पालेंगे और कैसे मुखिया का कर्ज उतारेंगे।

# कनाडा भेजने के नाम पर 7 लाख की ठगी, बेटी को विदेश भेजना चाहता था पीड़ित

## पैसे वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकीपैसे वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सलारू गांव की एक बेटी को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने के नाम पर 7 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित पिता ने ब्याज पर पैसे लेकर एजेंट को दिए थे। ट्रांजेक्शन ऑनलाइन भी की गई है और ऑफलाइन भी। धोखाधड़ी का पता लगने के बाद पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। आज भी पीड़ित की बेटी का पासपोर्ट आरोपी के कब्जे में है। पीड़ित ने हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज से मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

गांव सलारू निवासी विक्रमजीत सिंह अपनी बेटी को वर्क परमिट पर विदेश भेजना चाहता था। उसे सोशल मीडिया पर इमिग्रेशन एजेंट का नंबर मिला, जो किसी विनय कुमार हरी के नाम पर था। उसने फोन पर कॉन्टेक्ट किया तो विनय ने बताया कि हम वर्क वीजा पर विदेश भेजने का काम करते हैं और हमारा विदेश में बहुत बड़ा नेटवर्क है। हम कंपनी के माध्यम से वर्क वीजा दिलवा देते हैं। वहां पर लाखों रुपए महीना कमाया जा सकता है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने उसे विदेशी करेंसी कमाने के सब्जबाग दिखाए और पूरा आश्वासन दिया कि किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसके बाद दूसरे आरोपी राणा प्रताप सिंह से बात करवाई गई। जिसने विदेश भेजने का खर्च 10 लाख रुपए बताया और कागजी कार्रवाई के लिए साढ़े 5 लाख रुपए की डिमांड पहले की गई। बाकी पैसे कनाडा पहुंचने के बाद देने की बात कही। आरोपियों ने वॉट्सऐप पर ही दस्तावेज मंगवा लिए थे और पैसे जमा करवाने की बात कही थी।

**जांच जारी**

**8 धोखाधड़ी का पता लगने के बाद पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली**

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसने अपने रिश्तेदारों व दोस्तों से पैसे उधार लिए और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचा दिए। 30 सितंबर 2023 से 20 अक्टूबर 2023 तक अलग-अलग खातों में 5 लाख 54 हजार 700 रुपए जमा किए। दोनों आरोपियों से बातचीत चलती रही। वह आश्वासन देते रहे कि 20 दिन के अंदर वीजा की फॉर्मेलिटी पूरी हो जाएगी और 7 दिन में लडकी को कनाडा भेज देंगे। 2 अक्टूबर 2023 को एक फर्जी एम्प्लॉयमेंट कॉन्ट्रैक्ट तैयार किया गया और 27 अक्टूबर को मेरे नंबर पर भेजा गया। इसके बाद डेढ़ लाख रुपए की डिमांड की गई। बताया गया कि यह पैसा कंपनी में जमा करवाना है। जब ज्यादा दबाव बनाया गया तो डेढ़ लाख रुपए मैंने आरोपियों को अलग-अलग ट्रांजेक्शन से करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने बाकी की पेमेंट भी जमा करवाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद मुझे आरोपियों पर शक हुआ। जब इस बारे में आरोपियों से बात की गई तो उन्होंने धमकी देनी शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा भेजे गए वर्क परमिट की जांच करवाई गई तो वह भी फर्जी पाया गया। आरोपियों को कॉल किया गया तो उन्होंने धमकी दी कि अगर पैसा नहीं दिया तो लडकी को विदेश नहीं भेजेंगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म के व्यक्ति हैं।

# 'जितना अभ्यास करेंगे, लौ उतनी ही तेज होगी'

**सूक्ष्म व्यायाम**

**8 योग एक ऐसी रोशनी है, जो एक बार जल गई तो कभी मंद नहीं होगी: दिनेश गुलाटी**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख के नेतृत्व तिकोना पार्क सेक्टर-6 से आज के सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई। शिक्षिका रीता कुमारी और ममता धवन ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों का अभ्यास करवाया।

इसके बाद दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम सत्र करवाते हुए कहा कि जब श्वासें विचलित होती हैं तो मन अस्थिर हो जाता है। जब श्वासे नियंत्रित होती हैं तो मन स्थिर हो जाता है। सांसों को योग प्राणायाम द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। योग हमारी शक्ति, एकाग्रता, कार्यक्षमता को बढ़ाता है और मन को शांत करता है।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट योग कक्षा जो शीत ऋतु के कारण बलदेव स्कूल में स्थानांतरित कर दी गई थी। मौसम परिवर्तन के कारण 3 मार्च से अपने नियत स्थान सेक्टर-13 में शिफ्ट कर दी जाएगी। इस अवसर पर रीता कुमारी, ममता धवन, भूपिंदर कुमार, नमिता, यशिका, सरोज, राजन भाटिया, गोकुल और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## फैन ने RCB की श्रेयंका पाटिल को दिया शादी का प्रपोजल, डगआउट में खिलाड़ियों की नहीं रुकी हंसी

**नई दिल्ली.एजेंसी**

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है।

बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकी हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रही हैं। बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जायंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर दो और बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

## रजत पाटीदार की डूबती नैया आखिर कैसी बचेगी? एबी डिविलियर्स बोले- अगर उसका एटीट्यूड ऐसा होगा तो...



**नई दिल्ली.**मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार पर टीम इंडिया से बाहर होने की तलवार लटक रही है। पाटीदार इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में अब तक छाप नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने तीन मैचों की 6 पारियों में महज 63 रन ने बनाए हैं। उन्होंने विशाखापट्टनम में टेस्ट डेब्यू किया और अब तक दो बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। उन्हें विराट कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया था। पाटीदार को छोड़कर मौजूदा सीरीज में डेब्यू करने वाले ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और आकाश दीप मौके को भुनाने में सफल रहे।भारत और इंग्लैंड के बीच 7 मार्च से सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा। धर्मशाला में देवदत्त पडिक्कल के टेस्ट डेब्यू की संभावना जताई जा रही है। अगर पडिक्कल को चांस मिलता है तो पाटीदार का पत्ता कट सकता है क्योंकि केएल राहुल अनफिट होने के कारण पहले ही बाहर हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने बताया है कि पाटीदार की डूबती नैया कैसे बचेगी? उन्होंने कहा कि अगर पाटीदार का एटीट्यूड आकर्षक है तो उन्हें आखिरी मैच में भी अवसर दिया जा सकता है।डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रजत पाटीदार के लिए यह जिंदगी भर याद रखने लायक सीरीज नहीं है। लेकिन इस भारतीय टीम और कल्चर के बारे में अच्छी बात यह है कि आप उस टीम में टिके रहेंगे क्योंकि वे शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और नतीजे उनके हिसाब से आ रहे हैं।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, अगर पाटीदार का एटीट्यूड आकर्षक है और अगर वह ड्रेसिंग रूम में एक पसंदीदा कैरेक्टर है तो रोहित और सिलेक्शन पैनल सपोर्ट करेगा।

उनके पास यह कहने की क्षमता होगी, अभी रुकिए, हमें भरोसा है कि इस लड़के का भविष्य है और हम उसे आगे बढ़ने वाली टीम के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। भले ही वह रन नहीं बना रहा हो। उसे लंबा मौका दें।

**साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने बताया है कि रजत पाटीदार की डूबती नैया कैसे बच सकती है? मध्यक्रम के बैटर पाटीदार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में छाप नहीं छोड़ सके हैं।**

## ग्रेस हैरिस ने स्मृति मंधाना से छीनी ऑरेंज कैप, पर्पल कैप पर इस खिलाड़ी का कब्जा

**नई दिल्ली.**यूपी वॉरियर्स की ग्रेस हैरिस ने डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर्स की रेस में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को पछाड़कर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया है। शुक्रवार की रात ग्रेस ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ 33 गेंदों पर 60 रनों की नाबाद पारी खेली। उनकी इस दमदार पारी के दम पर यूपी की टीम सीजन की दूसरी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इस पारी के साथ ग्रेस हैरिस के नाम डब्ल्यूपीएल 2024 में 153 रन हो गए हैं। वहीं स्मृति मंधाना 130 रनों के साथ अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है।

बात डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टॉप-



5 बैटर्स की तो इनमें तीन भारतीय और दो विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ग्रेस हैरिस के अलावा विदेशी खिलाड़ियों के रूप में इस लिस्ट में दिल्ली कैपिटल्स की ऐलिस कैप्सी का नाम है जो 121 रनों के साथ चौथे पायदान पर है।वहीं स्मृति मंधाना के अलावा टॉप-5 बैटर्स की इस लिस्ट में आरसीबी की सब्भिनेनि मेघना और दिल्ली कैपिटल्स की शेफाली वर्मा हैं।

वहीं बात डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की करें तो 7 विकेट के साथ मुंबई इंडियंस की अमेलिया केर इस सूची के टॉप पर है। वहीं टॉप-5 की इस लिस्ट में बाकी अन्य टीम यूपी वॉरियर्स, गुजरात जाएंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की भी 1-1 गेंदबाज हैं।

## माइकल वॉन की ये बात हॉक-आई के जनक को लग गई बुरी, कहा- थोड़ी सी तैयारी उन्हें समझाने में...

**नई दिल्ली.** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज के दौरान काफी डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) को लेकर काफी विवाद देखने को मिला है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर माइकल वॉन ने हाल ही में हॉक-आई को लेकर एक सलाह दी थी। उन्होंने कहा की पारदर्शिता और जवाबदेही को बेहतर बनाने के लिए अगर हॉक-आई का इस्तेमाल कर रहे शख्स की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए और रूम में कैमरे हों तो विवाद नहीं होंगे। बता दें कि हॉक-आई टेक्नोलॉजी थर्ड अंपायर की वो आंख है, जो क्रिकेट मैच में असमंजस की स्थिति में बेहतर फैसले लेने में मदद करती है।

भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में जो रूट के आउट के बाद डीआरएस पर बहस छिड़ गई। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने रूट को एलबीडब्ल्यू आउट नहीं दिया लेकिन बॉल-ट्रैकिंग में पता चला कि गेंद बिल्कुल लाइन में पिच हो रही थी। ऐसे में धर्मसेना अपना शुरुआती फैसला पलटना पड़ा। वहीं, जैक क्रॉली को दो बार करीबी फैसलों के चलते पवेलियन लौट पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने तो अंपायर कॉल को खत्म करने की वकालत की है। वॉन द्वारा डीआरएस ऑपरेटरों पर कैमरे लगाने के प्रस्ताव से हॉक-आई के जनक पॉल हॉकिन्स निराश हैं। उन्होंने वॉन की जमकर क्लास लगाई और बताया डीआरएस ऑपरेटर कैसे काम करते हैं?हॉकिन्स ने द एनालिस्ट पॉडकास्ट पर कहा, हॉक-आई ट्रैकिंग के लिए आमतौर पर तीन लोग होते हैं और एक अन्य शख्स अल्ट्राएज हैंडल करता है। एक आउटपुट साइड को संभालता है और दो स्वतंत्र लोग हैं जो ट्रैकिंग करते हैं। इसलिए फेलियर का कोई प्वाइंट नहीं है। कैमरे दो ट्रैकिंग सिस्टम में होते हैं। दो सेट रीडर, दो अलग-अलग ऑपरेटर होते हैं।

## गुजरात जाएंट्स ने लगाई हार की हैट्रिक, यूपी की जीत से मुंबई इंडियंस को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली.एजेंसी**

एलिसा हीली की अगुवाई वाली यूपी वॉरियर्स ने शुक्रवार रात वुमेंस प्रीमियर लीग के 8वें मुकाबले में गुजरात जाएंट्स को हराकर सीजन का अपना दूसरा मुकाबला जीता। इस जीत के साथ यूपी की टीम डब्ल्यूपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। यूपी की जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस को नुकसान हुआ है। एमआई अब चौथे पायदान पर खिसक गई है। वहीं हार की हैट्रिक लगा चुकी गुजरात जाएंट्स अभी तक टेबल में अपना खाता भी नहीं खोल पाई है और वह सबसे नीचे पांचवें पायदान पर है।

WPL 2024 पॉइंट्स टेबल में गुजरात जाएंट्स को छोड़कर बाकी सभी चार टीमों के समान 4-4 अंक है। दिल्ली कैपिटल्स सभी टीमों के मुकाबले बेहतर +1.271 के नेट रन रेट के साथ पॉइंट्स टेबल के साथ टॉप पर है, वहीं स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर +0.705 के नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर है। गुजरात जाएंट्स को जल्द से जल्द पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोलना होगा इससे पहले उन पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की तलवार लटकने लगे।

**कैसा रहा यूपी वॉरियर्स वर्सेस गुजरात जाएंट्स मुकाबला?**

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात जाएंट्स की बैटर्स ने टीम को बुरी तरह निराश किया। जीजी ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 142 रन बोर्ड पर लगाए थे, टीम की कोई भी बैटर 40 रन का आंकड़ा नहीं छू पाई थी। फोबे लिचफील्ड ने 35 तो एश्ले गार्डनर ने 30 रनों की पारी खेली थी.

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका ने चला बड़ा दांव, 3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी

**नई दिल्ली.एजेंसी**



टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं।

डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं।

30 साल के इस खिलाड़ी ने श्रीलंका के लिए पिछले साल टेस्ट मैच जरूर खेला था, मगर लिमिटेड ओवर क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं दिखे हैं। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए 28 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उनका औसत 18.46 रहा है, इस दौरान उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है।बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम के पास पहले से ही सदीरा समरविक्रमा के रूप में एक और विकेटकीपर मौजूद है। नियमित कप्तान वानिंदु हसरंगा की अनुपस्थिति में चैरिथ असलांका पहले दो टी20इ में टीम की कप्तानी करेंगे। हसरंगा पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के चलते दो मैचों का प्रतिबंध लगा है।

## डरबन से आया हमारा दोस्त...लखनऊ सुपर जायंट्स का कोच बना वर्ल्ड कप 1999 का हीरो

**लांस क्लूजनर को आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए 40 टेस्ट और 171 वनडे खेल चुके हैं।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आगामी सीजन के लिए पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। साउथ अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 वनडे खेलने वाले क्लूजनर एलएसजी के असिस्टेंट कोच नियुक्त किए गए हैं। वह एलएसजी के हेड कोच जस्टिन लैंगर और सहायक कोच एस श्रीराम के साथ मिलकर काम करेंगे।

52 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर एलएसजी की 20 में सिस्टर फ्रेंचाइजी डरबन सुपर जायंट्स के हेड कोच हैं।क्लूजनर का आईपीएल में बतौर कोच यह दूसरा कार्यकाल होगा। वह मुंबई इंडियंस के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। क्लूजनर वर्ल्ड कप 1999 के हीरो थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 281 रन बनाने के अलावा 17 विकेट चटकाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। क्लूजनर के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने पर एलसजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, डरबन से आया हमारा दोस्त। वहीं, फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा कि एलएसजी ने आईपीएल 2024 के लिए क्लूजनर को जोड़ा है। वह सहायक कोच के रूप में लैंगर के साथ काम करेंगे।

क्लूजनर ने दुनियाभर में विभिन्न टीमों को कोचिंग दी है। वह अफगानिस्तान के हेड कोच रहने के अलावा साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बैटिंग कोच रह चुके हैं। वह दिल्ली और त्रिपुरा की घरेलू टीमों के सलाहकार कोच रहे।

उनके कोच रहते गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने पिछले साल कैरेबियन प्रीमियर लीग में पहली ट्रॉफी जीती थी। बता दें कि एलएसजी ने आईपीएल में साल 2022 में डेब्यू किया। फ्रेंचाइजी दोनों सीजन में प्लेऑफ में कामयाब रही। लखनऊ की टीम आगाम सीजन में अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करेगी। उसकी पहली टक्कर राजस्थान रॉयल्स से है।

## आयरलैंड ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, पहली जीत के साथ तोड़ा भारत का रिकॉर्ड

**आयरलैंड ने अपने 8वें ही टेस्ट में अपना पहला मुकाबला जीता है। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम मैचों में पहला टेस्ट जीतने वाली छठी टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया इस लिस्ट के टॉप पर है।**



**नई दिल्ली.** आयरलैंड ने शुक्रवार 1 मार्च को उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आइरिश टीम ने भारत, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों को भी पछाड़ दिया है। दरअसल, आयरलैंड ने अपने 8वें ही टेस्ट में अपना पहला मुकाबला जीता है। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम मैचों में पहला टेस्ट जीतने वाली छठी टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया इस लिस्ट के टॉप पर है जिन्होंने अपने पहले ही टेस्ट में जीत दर्ज की थी। वहीं इंग्लैंड दूसरे मुकाबले में अपनी पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था।

बात भारत, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों की करें तो टीम इंडिया ने 25वें, न्यूजीलैंड ने 45वें और साउथ अफ्रीका ने 12वें मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। आयरलैंड से ऊपर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के अलावा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज की टीमें हैं।

बात आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच खेले गए एकमात्र टेस्ट की करें तो, आयरलैंड ने शुक्रवार को अफगानिस्तान को हराकर इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मार्क अडायर और कप्तान एंड्रू बालबर्नी ने अहम भूमिका निभाई।अफगानिस्तान ने आयरलैंड को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए। जिसके बाद कप्तान एंड्रू और टकर ने पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। कप्तान ने 58 रन की नाबाद पारी खेली। आयरलैंड की ये जीत काफी खास है क्योंकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में शामिल होने के बाद सिर्फ 8वें मैच में पहली जीत हासिल करने वाली छठी टीम बन गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 03 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई सप्ताह 99वां

# धूमधाम से मनाया गया स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन

## रिबन काटकर छाबड़ा परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य अभिनंदन











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और कर्मठ कार्यकर्ता गोपी छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।




### रिबन काटकर स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर पूरा छाबड़ा परिवार मौजूद रहा। ।

### छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन

छाबड़ा परिवार का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

### आदर्श रसोई मजबूती से आगे बढ़ रही : स्नेह छाबड़ा

इस विशेष मौके पर स्नेह छाबड़ा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

### राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोतः गोपी छाबड़ा

गोपी छाबड़ा ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### आदर्श रसोई हमारे लिए दूसरा परिवारः गुरदयाल छाबड़ा

इस विशेष मौके पर गुरदयाल छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई जैसी संस्था से जुड़कर लोगों की सेवा का जो मौका मिला, उसका मैं आभारी हूं। हमारे लिए आदर्श रसोई दूसरा परिवार है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया







# आरएनआई का नाम बदलकर पीआरजीआई किया गया, अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नए अधिनियम के अनुसार विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल के जरिए पत्रिका के मुद्रक द्वारा दी गई सूचना सहित सभी आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, स्थानांतरण के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

# जो कहा वो किया, जो कहेंगे, उसे करके दिखाएंगे : सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुरः** जातीय राजनीति और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर शाब्दिक प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा, उसे करके दिखाया है और आगे भी जो कहेंगे, उसे पूरा करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री योगी शनिवार अपराह्न महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का



शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हरेक क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है, भारत की ताकत को प्रतिष्ठित कर रही है। देश के विकास की ही तरह यूपी का तीव्र विकास हुआ है लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है। अब कोई यूपी को हेय दृष्टि से नहीं देखता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता जनार्दन ने मोदी जी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आंख बंद कर समर्थन दिया, वैसे ही तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर कार्य किया जाना चाहिए।

**विकास कार्य**

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है

# परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में छोड़ेंगे नहीं: सीएम योगी




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2023 की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी। तत्क्रम में शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री जी द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी 06 माह में पुनः कराई जाए। उक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए। एस.टी.एफ. शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**सीएम की सख्ती**

- परीक्षा की शुचिता के लिए सीएम का बड़ा निर्णय समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा निरस्त
- युवाओं के हित में मुख्यमंत्री का निर्देश, आगामी 06 माह में दोबारा होगी परीक्षा



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन-पूजन।

# भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसान की फसल को किया बर्बादः नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शनिवार को जब सोनीपत कार्यक्रम से लौट कर आ रहे थे तो उनका सामना भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुआ । इस बेमौसमी बारिश और ओलों ने आम जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है । जयहिंद ने बयान जारी कर कहा कि इस बेमौसमी बारिश ने किसान की साल भर की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। गेहूं और सरसों की फसल सबसे ज्यादा इससे प्रभावित हुई है । एक किसान अपनी फसल को तिजौरी में भी नहीं रख सकता है । उसके बच्चों की स्कूल-कॉलेज की फीस, घर- खर्च सहित अगली फसल के लिए खाद-बीज का खर्चा उसे इसी फसल से मिलता ।लेकिन इस बारिश और ओलों ने हजारों किसानों और उनके परिवारों के सपनों को तोड़ दिया है ।जयहिंद ने कहा कि सरकार चुनाव की घोषणा से पहले किसानों को मुआवजा दे और जल्द से जल्द फसल बबार्दी का हवाई मुआयना करवायें। साथ ही जयहिंद ने प्रकृति में हो रहे बदलाव पर कहा कि इस तरह की बेमौसमी बारिश और बदलते मोसम के लिए कहीं न कहीं हम खुद ज़िम्मेदार है।

**मांग**

- खुद नवीन जयहिंद ने अपने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया ओलावृष्टि का हाल

# 'देश की जनता पीएम मोदी की गारंटी पर लगाएगी जीत की मुहर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबादः** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देजनर भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निदेर्शानुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में वचुर्अली सभी कार्यालयों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में फतेहाबाद जिला की तीनों विधानसभाओं फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में भी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ।

चिंताए खारिज

वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है

# कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं: मनसुख मंडाविया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कोविड-19 का खतरा पिछले चार साल से अधिक समय से देखा जा रहा है। कोरोनावायरस से संक्रमण की स्थिति में न सिर्फ गंभीर रोगों के विकसित होने का खतरा देखा जाता रहा है साथ ही संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में लॉन्ग कोविड के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं भी बड़ी चिंता का कारण रही हैं। महामारी के बाद के कई अध्ययनों में कहा जाता रहा है कि कोविड-19 का शिकार रहे लोगों में हृदय रोगों और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कोविड वैक्सीन्स को



भी हृदय रोगों को बढ़ाने वाला बताया गया था, जिसपर आईसीएमआर ने आज स्पष्ट जानकारी साझा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उन सभी रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है जिनमें वैक्सीनेशन के कारण हृदय रोगों के खतरे को लेकर आशंका जताई जाती रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने विस्तृत अध्ययन किया है जिससे पता चलता है कि कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं है। वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है। इस तरह की बातों पर विश्वास न करें।
न्यूज एजेंसी एनआई के एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दुनियाभर में हार्ट अटैक के बढ़े मामले चिंताजनक हैं। डॉक्टर्स कहते हैं, व्यक्ति की गड़बड़ जीवनशैली और शराब-धूम्रपान जैसी आदतें इस खतरे का कारक हो सकती हैं। वैक्सीन से हार्ट अटैक का जोखिम होता है, इसके कोई प्रमाण नहीं हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर आज किसी को स्ट्रोक होता है, तो कुछ लोग सोचते हैं कि यह कोविड-19 वैक्सीन के कारण है।

**स्पष्ट किया**

- कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है : स्वास्थ्य मंत्री